आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में बताया कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को 32 करोड़ 32 लाख रुपये की राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि ये वित्तीय लाभ बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत पात्र 8 हजार 883 कामगारों को वितरित किया गया है। प्रदेश सरकार इन पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय लाभ जारी कर इनका कल्याण सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड के 3 हजार 514 पात्र श्रमिकों को बच्चों की शिक्षा के लिए 10 करोड़ 59 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई पुरूष या महिला जिन्होंने प्रदेश सरकार की किसी परियोजना या पंचायत के निर्माण कार्य, निजी निर्माण कार्य और मनरेगा कार्य में वर्ष में 90 दिन काम किया है, वह बोर्ड के अंतर्गत पंजीकरण के लिए पात्र होंगे।

.....

प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूलों में हर्बल गार्डन बनाए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए बजट जारी कर दिया गया है। इसमें बिलासपुर जिला में पांच, चंबा में चार, हमीरपुर में चार, कांगड़ा में 21, किन्नौर में दो, कुल्लू में छह, स्पीति में एक, मंडी में आठ, शिमला में आठ, सिरमौर में पांच, सोलन में छह और ऊना में पांच स्कूलों को ये फंड जारी किया गया है। आयुष विभाग के साथ मिलकर शिक्षा विभाग इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। औषधीय पौधे लगाने के बाद इनकी देखरेख का जिम्मा स्कूल प्रबंधन का ही होगा।

....

शिमला के जुन्गा में 16 से 19 अक्तूबर तक फ्लाईंग फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन प्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, और एमएसएमई मंत्रालय, सोलन के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कल शिमला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस फेस्टिवल में हॉस्पिटेलिटी एक्सपो भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 60 प्रदर्शक अपने स्टॉल लगाएंगे। फेस्टिवल के दौरान हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस फेस्टिवल का प्रमुख आकर्षण व्यापार प्रदर्शनी होगी, जिसमें पर्यटन, आतिथ्य और साहसिक खेलों से जुड़ी सेवाएं और उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

.....

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल नाहन में सिरमौर ज़िला भाजपा कार्यालय का शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा का ज़िला कार्यालय पार्टी को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाता है और इसी लिए देश के हर ज़िले में पार्टी कार्यालय बनाए जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार गरीबों का हित चाहने वाली सरकार है, और सरकार की कई योजनाओं ने विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाया है। इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया और कहा कि आने वाले दिनों में सरकार के हर तरह के भ्रष्टाचार का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अराजकता से तंग आकर प्रदेश से कई उद्योग पलायन कर गए हैं।

.....

आज शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन माँ दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माँ के इस स्वरूप को आठ भुजाओं के साथ चित्रित किया गया है और माना जाता है कि मां अपने भक्तों के लिए समृद्धि लाती हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, नैनादेवी और बृज्रेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

.....

<u>एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियां पर</u>

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने संजौली मस्जिद पर शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट के निर्णय से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है— संजौली मस्जिद की तीन मंजिलें अवैध दो माह के भीतर गिराने के दिए आदेश। शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट का फैसला, मस्जिद कमेटी को अपने खर्च पर तोड़ना होगा अवैध निर्माण। दैनिक जागरण की सुर्खी है— मुस्लिम पक्ष गिराएगा मस्जिद का अवैध हिस्सा। पंजाब केसरी के शब्द हैं— संजौली मस्जिद की तीन मंजिलें तोड़ने के आदेश—2 महीने में वक्फ बोर्ड को स्वयं ध्वस्त करना होगा अवैध ढांचा।

पेशनरों से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर लिखता है—देरी से पेंशन पर बिफरे पेंशनर, मंत्री अनिरूद्ध सिंह को सौंपा ज्ञापन।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से आपका फैसला ने खबर को सुर्खी दी है—सरकार ने 8 हजार 883 पात्र श्रमिकों में वितरित किए 32 करोड़ 32 लाख। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं—श्रमिक कल्याण सुनिश्चित कर रही सरकार।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है—अगले सप्ताह होगी कैबिनेट बैठक एजेंडे तैयार करने में जुटे विभाग।

हरियाणा में चुनाव प्रचार व आलाकमान से मुलाकात के बाद शिमला पहुंचे सीएम—पंजाब केसरी की एक खबर है।

पंचायत तकनीकी सहायकों को न्यूनतम वेतन देने के हाईकोर्ट के निर्देश पर रोक—सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से 25 नवंबर तक मांगा जवाब। अमर उजाला की एक खबर है।

.....